हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 02 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आज सर्वोच्च न्यायालय के पांच नए न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई।

2. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, अनाज को खराब होने से बचाने के लिए हरियाणा में 20 लाख मीट्रिक टन क्षमता के नए गोदाम बनाए जाएंगे।

3. हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा, सरकारी अस्पतालों में साफ सफाई और सुरक्षा के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी व्यवस्था अपनाई जाएगी।

4. चरखी दादरी जिले में निर्माणाधीन सरकारी मेडिकल कॉलेज का नाम स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम के नाम पर रखा जाएगा।

5.कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने ईंधन बचाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों और सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग पर बल दिया।

---

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आज सर्वोच्चल न्याायालय के पांच नए न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति शील नागू, श्री चंद्रशेखर, संजीव सचदेवा और अरुण पल्ली के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता वी. मोहना ने न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। सर्वोच्चच न्याोयालय कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र द्वारा उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी गई थी। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ने मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद इनको न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अनाज को खराब होने से बचाने के लिए इस साल हरियाणा में 20 लाख मीट्रिक टन क्षमता के नए गोदाम बनाए जाएंगे।मुख्यमंत्री ने आज चंडीगढ़ में हरियाणा विजन-2047 के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अगले 5 साल की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते अधिकारियों को पूरी तैयारी से इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए काम शुरू करने को कहा।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री जे गणेशन ने बताया कि अनाज का खुले में भंडारण अथवा उचित भंडारण के अभाव के कारण प्रदेश में अनाज का 4 से 5 प्रतिशत तक नुकसान हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस समय हरियाणा में 66 लाख मीट्रिक टन अनाज भंडारण की क्षमता है जिसे 130 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्यान्न के नुकसान पर रोक लगाने के लिए ढके हुए सुरक्षित गोदामों के निर्माण, कोल्ड स्टोरेज की क्षमता बढ़ाने और उपलब्ध संसाधनों का उचित इस्तेमाल करने की कार्ययोजना बनाने के आदेश दिए।

---

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी की व्यवस्था अपनाई जाएगी। आज चंडीगढ़ में अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि इस कदम का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों में महिला मरीजों, नर्सों, डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा को और मजबूत करना है। स्वास्थ्य मंत्री ने महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर स्पष्ट किया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इसी कड़ी में उन्होंने कुरुक्षेत्र के लोक नायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में एक नाबालिग लड़की के साथ हुए यौन उत्पीड़न के मामले का जिक्र करते हुए बताया कि आरोपी कंसलटेंट के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसकी सेवाएं समाप्त कर दी हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कि चरखी दादरी जिले में निर्माणाधीन सरकारी मेडिकल कॉलेज का नाम देश के महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम के नाम पर रखा जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि ऐसे प्रयासों से हमारी युवा पीढ़ी को देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च बलिदान और संघर्षों को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। राज्य के नागरिकों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार ने करीब 104 करोड़ 16 लाख रुपये के विकास कार्य शुरू किए हैं। उन्होंने कहा की इसके साथ ही 15वें वित्त आयोग के तहत राज्य में 766 नए स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। आरती सिंह राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण के आह्वान अनुसार सरकारी अस्पतालों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की तैयारी की जा रही है है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने ईंधन बचाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों और आवाजाही के सार्वजनिक साधनों के प्रयोग पर बल दिया है। आज चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा –

----------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज राष्ट्रमंडल संसदीय संघ -सीपीए के 8 से 10 जून तक होने वाले उत्तर भारत क्षेत्र के जोन दो के सम्मेलन के मद्देनजर हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में हरियाणा पुलिस महानिदेशक अजय सिंहल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक -सीआईडी सौरभ सिंह, चंडीगढ़ पुलिस महानिदेशक डॉ. सागर प्रीत सिंह हुड्डा समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में सम्मेलन के दौरान सुरक्षा, यातायात और पार्किंग इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में तय हुआ कि कॉन्फ्रेंस के दौरान हरियाणा और चंडीगढ़ पुलिस का हरियाणा विधान सभा के साथ बेहतर समन्वय के लिए राजपत्रित रैंक के अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। सम्मेलन के शुभारंभ मौके पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को हरियाणा पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। सुरक्षा के एहतियाती उपायों के अंतर्गत दो मार्शल और सादी वर्दी में 25 सुरक्षा अधिकारी मुस्तैद रहेंगे।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

गुरुग्राम विश्वविद्यालय की पूर्व उप कुलसचिव सुमन वशिष्ठ ने आज कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार की उपस्थिति में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की कुलसचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। हरियाणा के राज्यपाल एवं श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर असीम कुमार घोष द्वारा सुमन वशिष्ठ की श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पद पर नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं।कार्यभार ग्रहण करते हुए सुश्री सुमन वशिष्ठ ने कहा कि इस विश्वविद्यालय को शिक्षा के वैश्विक मानचित्र पर लाना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए चलाए जा रहे विशेष पुननिरीक्षण अभियान के तहत हरियाणा मे 15 जून से विशेष गहन पुननिरीक्षण शुरू होने जा रहा है । हिसार जिला की अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने आज एक पत्रकार वार्ता मे बताया कि विशेष पुननिरीक्षण 14 जुलाई तक चलेगा जिस दौरान बी एल ओ एक गणना फॉर्म भरेंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 21 जुलाई को होगा । 18 सितंबर तक दावों व आपत्तियों का निपटान होगा । 22 सितंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

भारत निर्वाचन आयोग केनिर्देशानुसार पलवल जिला निर्वाचनकार्यालय द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम केतहत आज जिला सचिवालय के सभागारमें प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी निर्वाचक पंजीकरणअधिकारी सहायक निर्वाचकपंजीकरण अधिकारी तथा अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षणदिया गया। इस अवसर पर उपमंडलीय मजिस्ट्रेट पलवल भूपेंद्र सिंह विशेष रूप से मौजूद थे।

----------------------------------------------------------------------------------------------------